डॉ० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा
(पूर्ववर्ती: आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

पत्रांक : सम्ब0/1613/2026 दिनांक : 18 /06/2026

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध राजकीय/अनुदानित/स्ववित्तपोषित महाविद्यालय,
डॉ० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा।

विषयः– अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण (AISHE) सत्र 2025–26 एवं 2026–27 हेतु AISHE पोर्टल पर पंजीकरण एवं AISHE Code प्राप्त करने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयक अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध नवीन एवं पूर्व से संचालित ऐसे महाविद्यालय, जिनका अभी तक अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण (AISHE) पोर्टल पर पंजीकरण नहीं हुआ है तथा जिन्होंने AISHE Code प्राप्त नहीं किया है, के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय के AISHE नोडल अधिकारी द्वारा सूचित किया गया है कि सत्र 2025–26 एवं 2026–27 हेतु AISHE पोर्टल पर पंजीकरण की प्रक्रिया संचालित है। AISHE, भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय सर्वेक्षण है, जिसके अन्तर्गत उच्च शिक्षण संस्थानों का अद्यतन विवरण संकलित किया जाता है। सभी पात्र महाविद्यालयों का AISHE पोर्टल पर पंजीकरण एवं AISHE Code प्राप्त किया जाना अनिवार्य है।

अतः निर्देशित किया जाता है कि ऐसे सभी महाविद्यालय, जिनका AISHE पोर्टल पर अभी तक पंजीकरण नहीं हुआ है, वे प्राथमिकता के आधार पर तत्काल पंजीकरण की कार्यवाही पूर्ण करते हुए AISHE Code प्राप्त करें तथा उसकी सूचना/प्रमाण विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि उक्त कार्यवाही यथाशीघ्र पूर्ण कर ली जाए, जिससे भविष्य में AISHE सम्बन्धी डेटा अपलोड एवं अन्य शासकीय कार्यों में किसी प्रकार की असुविधा उत्पन्न न हो।

भवदीय,

कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः

1. प्रभारी, कुलपति सचिवालय – माननीय कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
2. प्रो० संजय चौधरी, नोडल अधिकारी, AISHE, डॉ० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा।
3. प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाइट – उक्त सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रदर्शित करने हेतु।
4. अधिकृत एजेंसी – उक्त सूचना समस्त महाविद्यालयों के लॉगिन पर अपलोड करने हेतु।
5. गार्ड फाइल।

कुलसचिव

Affisviem